दिन– सोमवार | दिनांक– 24 / 02 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। | अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज भागलपुर में पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत नौ करोड़ अस्सी लाख से अधिक किसानों के खाते में बाईस हजार करोड़ से अधिक की राशि हस्तांतरित की।

02. प्रधानमंत्री ने कहा– केन्द्र सरकार के प्रयासों से देश का कृषि निर्यात तेज गति से बढ़ा है। श्री मोदी ने कहा– अब बारी बिहार के मखाना की है।

03. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू कल बिहार दौरे पर पटना आ रहीं हैं। राष्ट्रपति पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल के शताब्दी समारोह में शामिल होंगी।

04. और, रेलवे प्रयागराज में महाकुम्भ जाने वाले तीर्थ यात्रियों की सुविधाजनक यात्रा के विकल्प प्रदान करने के निरन्तर प्रयास कर रहा है।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पीएम किसान सम्मान निधि योजना की सातवीं वर्षगांठ के अवसर पर आज भागलपुर में आयोजित समारोह में किसान सम्मान निधि की उन्नीसवीं किस्त जारी की। श्री मोदी ने क्लिक दबाकर बिहार के पचहत्तर लाख किसानों समेत देशभर के नौ करोड़ अस्सी लाख लाभार्थी किसानों के खातों में बाईस हजार सात सौ करोड़ रुपये से अधिक की राशि प्रत्यक्ष लाभ अंतरण डीबीटी के माध्यम से भेजी। इस अवसर पर श्री मोदी ने वर्चुअल माध्यम से मोतिहारी, बरौनी, नवादा समेत राज्य के विभिन्न भागों में किसानों से संबंधित कई विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और उद्घाटन भी किया। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय गोकुल मिशन के अंतर्गत मोतीहारी में मवेशियों की देसी नस्लों के प्रजनन के लिए क्षेत्रीय उत्कृष्टता केन्द्र का उद्घाटन किया। उन्होंने बेगुसराय के बरौनी में एक सो तेरह करोड़ रुपये की लागत से स्थापित दूध संसाधन इकाई को भी लोगों को समर्पित किया। प्रधानमंत्री ने नव–निर्मित नवादा–वारिसालीगंज–तिलैया दोहरी रेलवे लाइन सेक्शन का लोकार्पण किया। इसके निर्माण पर पांच सौ बीस करोड़ रुपये की लागत आई है।

भागलपुर के हवाई अड्डा मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि एनडीए सरकार किसानों को हर तरह की सुविधा उपलब्ध करा

रही है। श्री मोदी ने कहा कि आज किसानों के खिले चेहरे देखकर उन्हें अत्यंत प्रसन्नता हो रही है।

———बाइट———

प्रधानमंत्री ने कहा कि एनडीए सरकार के पहले प्राकृतिक आपदाओं के समय किसानों को भाग्य के भरोसे छोड़ दिया जाता था। श्री मोदी ने कहा कि केन्द्र सरकार ने प्राकृतिक आपदा के समय किसानों को आर्थिक मदद पहुंचाने के लिए कई उपाय किए है।

———बाइट———

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि केन्द्र सरकार किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत करने के लिए इस बार बजट में कई प्रावधान किए गए है।

———बाइट———

प्रधानमंत्री ने कहा कि केन्द्र सरकार के प्रयासों से देश का कृषि निर्यात बहुत अधिक बढ़ा है। उन्होंने कहा कि अब बारी बिहार के मखाना की है।

———बाइट———

श्री मोदी ने कहा कि इस वर्ष बजट में मखाना बोर्ड की घोषणा से बिहार के मखाना किसानों को बहुत अधिक लाभ होगा।

———बाइट———

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि बिहार की प्रगति में आवागमन बाधक न बने इसके लिए भी केन्द्र सरकार कई नदियों पर पुलों का निर्माण कर रही है।

———बाइट———

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि बिहार में जंगलराज लाने वाले लोग पवित्र महाकुंभ को भी कोसने का कोई मौका नही छोड़ रहे है। ऐसे लोगों को यहां की जनता जनार्दन कभी माफ नही करेगी।

———बाइट———

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भागलपुर की सभा में उमड़ी भीड़ को ऐतिहासिक बताया। श्री मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर अपने पोस्ट में लोगों का धन्यवाद करते हुए लिखा है कि भागलपुर में उमड़े अपने परिवारजनों का स्नेह और आशीर्वाद पाकर अभीभूत हूँ।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि केन्द्र सरकार से बिहार को विभिन्न योजनाओं के लिए प्रर्याप्त राशि दी है। उन्होंने कहा कि केन्द्र और राज्य के समन्वय से प्रदेश में विकास की गति और तेज होगी।

———बाइट———

---

केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सभा को संबोधित करते हुए बिहार के किसानों से दलहन के उत्पाद अधिक करने की अपील की। श्री चौहान ने कहा कि किसान अपने उत्पादों की खरीद की चिंता न करे।

———बाइट———

केन्द्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि जिन जिलों में कृषि उत्पादन कम है उन जिलों को प्रधानमंत्री धन धान्य योजना के तहत आर्थित मदद दी जाएगी।

———बाइट———

---

आकाशवाणी पटना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की भागलपुर की सभा पर आधारित एक रेडियो रिपोर्ट आज रात साढ़े दस बजे से रात ग्यारह बजे तक प्रसारित करेगा। इसे राज्य स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्र रिले करेंगे।

---

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू कल बिहार दौरे पर पटना आ रहीं हैं। श्रीमती मुर्मू पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल के शताब्दी समारोह में शामिल होंगी। पटना के बापू सभागार में मुख्य समारोह का आयोजन किया गया है। इस समारोह में देश विदेश के कई जाने–माने चिकित्सक और कई पूर्ववर्ती छात्र भाग ले रहे है। राष्ट्रपति के दौरे को देखते हुए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए है।

---

आकाशवाणी पटना राष्ट्रपति के कार्यक्रम पर आधारित रेडियो रिपोर्ट कल रात साढ़े दस बजे से ग्यारह बजे तक प्रसारित करेगा। इस रेडियो रिपोर्ट को राज्य के सभी रिले केन्द्र प्रसारित करेंगे।

---

रेलवे प्रयागराज में महाकुम्भ जाने वाले तीर्थ यात्रियों के लिए सुविधाजनक यात्रा के विकल्प प्रदान करने के निरन्तर प्रयास कर रहा है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, रेलवे बोर्ड में नियंत्रण कक्ष से स्थिति पर निगरानी रख रहे हैं। संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि स्टेशन पर भीड़ नियंत्रित करने के लिए कई कदम उठाए गए हैं।

———बाइट———

जो भी पैसेंजर आएंगे उन पैसेंजर्स में अगर उनके पास रिजर्व टिकट है पहले से तो वह सीधा स्टेशन के अंदर जाएंगे। जिनके पास टिकट नहीं है वह लोग पहले होल्डिंग एरिया में जाएंगे। मेट्रो से जो एक साथ रश आता है, उसको डायरेक्शनली अब सीधा होल्डिंग एरिया में ले जाने की व्यवस्था की गई है और जितने अनरिजर्वड टिकटिंग के काउंटर्स है, उनको फर्स्ट फ्लोर से हटा के होल्डिंग एरिया के अंदर काउंटर्स उसके बना दिए गए।

---

विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह ने बजट सत्र के दौरान मीडिया से सकारात्मक भूमिका निभाने की अपील की है। श्री सिंह ने आज प्रेस सलाहकार समिति की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि बजट सत्र अट्‌ठाईस फरवरी से अट्‌ठाईस मार्च तक चलेगा। सत्र के पहले दिन राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां विधानमंडल के संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगे। तीन मार्च को राज्य का आम बजट पेश किया जायेगा।

---

राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकांश भागों में मौमस शुष्क बना हुआ है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अधिकतर स्थानों पर तापमान में वृद्धि दर्ज की जा रही है। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले दो दिनों तक प्रदेश के तापमान में वृद्धि का सिलसिला जारी रहेगा।

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज भागलपुर में पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत नौ करोड़ अस्सी लाख से अधिक किसानों के खाते में बाईस हजार करोड़ से अधिक की राशि हस्तांतरित की।

02. प्रधानमंत्री ने कहा– केन्द्र सरकार के प्रयासों से देश का कृषि निर्यात तेज गति से बढ़ा है। श्री मोदी ने कहा– अब बारी बिहार के मखाना की है।

03. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू कल बिहार दौरे पर पटना आ रहीं हैं। राष्ट्रपति पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल के शताब्दी समारोह में शामिल होंगी।

04. और, रेलवे प्रयागराज में महाकुम्भ जाने वाले तीर्थ यात्रियों की सुविधाजनक यात्रा के विकल्प प्रदान करने के निरन्तर प्रयास कर रहा है।

---

समाप्त